# कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज

Email ID- eerwdwd2bettiah@gmail.com

पत्रांक–2499(अनु) नरकटियागंज, दिनांक 25/11/21 /

प्रेषकः–

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता–03,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

**विषयः–** **श्री बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, माननीय स0वि0स0 के तारंकित प्रश्न संख्या–538 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **भवदीय द्वारा मेल के माध्यम से प्राप्त पत्र।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवम् प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित करना है श्री बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, माननीय स0वि0स0 के तारंकित प्रश्न संख्या–538 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है।

सादर सूचनार्थ समर्पित।

**अनु0:–यथोक्त्।**

**विश्वासभाजन,**

Bkr 25/11/21

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज

**श्री बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, माननीय स0वि0स0 के तारंकित प्रश्न संख्या–538 का उत्तर प्रतिवेदन**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| क्या मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि:–<br>1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले में मैनाटांड प्रखंड मुख्यालय से मर्जदवा जाने वाली पूर्व की चालु सड़क में हाजमा टोला गॉव के पास हरपत बेनी नदी में 2008 में बने पुल का एप्रोच पथ एक व्यक्ति की निजी जमीन में पड़ने के कारण नहीं बन सका और पुल बेकार पड़ा हुआ है।<br>2. क्या यह बात सही है कि उक्त एप्रोच पथ को नहीं बना पाने के चलते ग्रामीण कार्य विभाग ने मैनाटांड प्रखंड मुख्यालय से सीधे मर्जदवा रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क को हरपत बेनी नदी के मैनाटांड साईड में पकुहवा की तरफ और नदी के दुसरी साईड में मंझरिया की तरफ घुमा दिया है। जिससे मैनाटांड प्रखंड से मर्जदवा रेलवे स्टेशन जाने वाली सीधी सड़क बन्द हो गई है और दुसरी सड़क से रेलवे स्टेशन जाने की दुरी 10 कि0मी0 से अधिक बढ़ गई है।<br>**प्रश्न–** यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उक्त एप्रोच पथ का निर्माण करा कर पुरानी सड़क को चालु करने का विचार रखती है, नही तो क्यों? | प्रश्नाधीन पथ के संबंध में कहना है कि–<br>1. **आंशिक स्वीकारात्मक है।**<br>वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन स्थल पर 5 मीटर लम्बे पुलिया का निर्माण मुख्यमंत्री सेतु योजनान्तर्गत वर्ष 2008 में किया गया था। पुलिया के एक तरफ पहुँच पथ की लम्बाई 550 मीटर है, जो आंशिक कच्ची एवम् ईटीकृत है, जिसमें 250 मीटर निजी भूमि है तथा दुसरी तरफ पहुँच पथ की लम्बाई 450 मीटर है, जिसमें 200 मीटर पी0सी0सी0 एवम् 250 मीटर निजी भूमि है। चुँकि पुलिया पथ आरेखण से 20 मीटर हटकर बनाया गया है, जिससे कोई आवागमन नहीं है। चुँकि ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि पुलिया के एप्रोच पथ के दोनो तरफ निजी भुमि है के संबंध में इस कार्यालय के पत्रांक–2498 दिनांक–23.11.2021 से अंचलाधिकारी, अंचल–मैनाटांड को भूमि की पैमाईस हेतु पत्र दिया गया है, तथा इसकी प्रतिलिपि– अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज एवम् जिला पदाधिकारी को भी दी गई है। भूमि के पैमाईस के उपरान्त भूमि का अधिग्रहण कर एप्रोच पथ का निर्माण करा दिया जाएगा।<br>2. **अस्वीकारात्मक है।**<br>हरपत बेनी नदी के एक तरफ स्थित मंझरिया ग्रम को सम्पर्कता प्रदान करने हेतु पी0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत मर्जदवा से बलिरामपुर (पैकेज संख्या–BR-37R-193) पथ का निर्माण किया गया है। तथा दुसरी तरफ स्थित पकुहवा ग्राम को सम्पर्कता प्रदान करने हेतु पी0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गतज मैनाटांड से पकुहवा (पैकेज संख्या–BR-37R-175) पथ का निर्माण किया गया है। उक्त दोनो पथ का निर्माण स्वीकृत आरेखन के अनुसार ही किया गया है एवम् आरेखन में कोई बदलाव नहीं किया गया है।<br>3. उपर्युक्त खंड 1 एवम् खंड 2 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। (नजरी नक्शा संलग्न) |

25/11/21

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज

# कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज

Email ID- eerwdwd2bettiah@gmail.com

### स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन


प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक–23.11.2021 को '' पश्चिमी चम्पारण जिले में मैनाटांड प्रखंड मुख्यालय से मर्जदवा जाने वाली पूर्व की चालु सड़क में हाजमा टोला गॉव के पास हरपत बेनी नदी एवम् मंझरिया गॉव '' का अधोहस्ताक्षरी के द्वारा स्वंय निरीक्षण के जॉचोपरान्त उत्तर प्रतिवेदन तैयार किया गया है। (संदर्भ– तारांकित प्रश्न संख्या–538)

25/11/21

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज

# तारांकित प्रश्न संख्या - 538 का नजरी नक्शा

(Not to be scale)




नोट: - हरपत बेनी नदी के दोनों तरफ एप्रोच जो लगभग 250 - 250 मीटर निजी भूमि है तथा उसके आगे हजमा टोला के तरफ 200 मीटर पी०पी०सी० पथ एवम् मंझरिया के तरफ लगभग 300 मीटर ईंट सोलिंग पथ है। मंझरीया से हजमा टोली पथ दोनों तरफ से PMGSY योजना अन्तर्गत सम्पर्कित है।

23/11/2024
J.E.

23/11/24

**Executive Engineer**
**Rural Works Department**
**Works Divion Narktiyaganj**

# कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज

Mobile No- 8986915814 Email ID- eerwdwd2bettiah@gmail.com

पत्रांक– 2498 / नरकटियागंज, दिनांक 23.11.21 /

प्रेषकः–

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज।

सेवा में,

अंचलाधिकारी,
प्रखंड–मैनाटांड, प0 चम्पारण।

**विषय :–** **मंझरीया से हजमा टोला के बीच मुख्यमंत्री सेतु योजना के एप्रोच पथ की मापी करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में साग्रह सूचित करना है कि प्रखंड मैनाटांड अन्तर्गत वर्ष 2008 में मंझरीया से हजमा टोला के बीच मुख्यमंत्री सेतु योजना अन्तर्गत पुलिया का निर्माण कराया गया था जिसके दोनो तरफ पुलिया का एप्रोच पथ निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार करने हेतु सर्वे कराया जा रहा था तो वहाँ के स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा एप्रोच पथ को निजी भूमि बताया गया। साथ ही वहाँ एप्रोच पथ के बाद एक तरफ उत्तर दिशा की ओर शिव मंदिर एवम् महावीर मंदिर है।

अतः अनुरोध है कि उक्त पुलिया के एप्रोच पथ की भूमि की पैमाईस कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। ताकि पुलिया के एप्रोच पथ का निर्माण कार्य कर जनहित में उपयोगी बनाया जा सके।

**अनु0:–यथोक्त।**

**विश्वासभाजन,**

23/11/21

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रा0का0वि0, का0प्र0, नरकटियागंज

ज्ञापांक– 2498 /नरकटियागंज, दिनांक– 23.11.21 /

प्रतिलिपिः– अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, प0 चम्पारण को सूचनार्थ समर्पित।

23/11/21

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रा0का0वि0, का0प्र0, नरकटियागंज

ज्ञापांक– 2498 /नरकटियागंज, दिनांक– 23.11.21 /

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी महोदय, प0 चम्पारण, बेतिया को सूचनार्थ समर्पित।

23/11/21

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रा0का0वि0, का0प्र0, नरकटियागंज